
# अदिति (एडीईईटीआईई) योजना का शुभारंभ

**चर्चा में क्यों:**

भारत सरकार ने औद्योगिक ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए □1,000 करोड़ की लागत से "Assistance in Deploying Energy Efficient Technologies in Industries & Establishments (ADEETIE)" योजना की शुरुआत की है। यह योजना, विद्युत मंत्रालय की एक पहल है, जिसे ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) द्वारा लागू किया जा रहा है।




**मुख्य बिंदु:**

- **शुभारंभ:** केन्द्रीय विद्युत और आवास एवं शहरी कार्य मंत्रीमनोहर लाल ने 15 जुलाई 2025 को हरियाणा के पानीपत में इस योजना का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ किया। इस अवसर पर ADEETIE पोर्टल का भी उद्घाटन किया गया।
- **लक्ष्य:** योजना का उद्देश्य MSMEs को ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं के लिए प्रोत्साहित करना है, जिससे ऊर्जा की खपत में कमी आएगी और पर्यावरणीय प्रभाव कम होगा।
- **वित्तीय सहायता:** योजना के तहत माइक्रो और स्मॉल एंटरप्राइजेज को 5% तथा मीडियम एंटरप्राइजेज को 3% ब्याज सबवेंशन प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, ऊर्जा ऑडिट, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR), और कार्यान्वयन के बाद निगरानी व सत्यापन (M&V) जैसी सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

- **जटीय प्रावधान:** □1,000 करोड़ के बजटीय प्रावधान में से □875 करोड़ ब्याज सबवेंशन, □50 करोड़ ऊर्जा ऑडिट, और □75 करोड़ कार्यान्वयन सहायता के लिए समर्पित हैं।
- **क्षेत्रीय विस्तार:** योजना के पहले चरण में 14 ऊर्जा गहन सेक्टर और 60 औद्योगिक क्लस्टर शामिल हैं। दूसरे चरण में अतिरिक्त 100 क्लस्टरों को जोड़ा जाएगा।

**महत्व:**

- ADEETIE योजना MSMEs को ऊर्जा दक्ष तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगी, जिससे न केवल उनकी उत्पादन लागत में कमी आएगी, बल्कि पर्यावरणीय प्रभाव भी कम होगा। यह योजना भारत के ऊर्जा दक्षता मिशन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और देश को एक हरित और ऊर्जा दक्ष अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर करेगी।

**ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) के बारे में**

- ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) की स्थापना 1 मार्च 2002 को ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 के तहत की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य भारतीय अर्थव्यवस्था में ऊर्जा दक्षता को बढ़ाना और ऊर्जा तीव्रता को कम करना है।

**मुख्य कार्य:**

1. ऊर्जा दक्षता में सुधार: नीतियां और रणनीतियाँ विकसित करना।
2. स्व-नियमन और बाज़ार सिद्धांतों का प्रचार।
3. संसाधनों और बुनियादी ढांचे का उपयोग: उपभोक्ताओं और एजेंसियों के साथ समन्वय करना।
4. नियामक और प्रचारात्मक कार्य: ऊर्जा संरक्षण कानून के तहत कार्यान्वयन।

**महत्त्व :** BEE ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देकर, ऊर्जा खपत में कमी लाता है, और पर्यावरणीय स्थिरता में योगदान करता है।

**UPSC PRACTICE MCQ**

**"ADEETIE योजना" की शुरुआत किस मंत्रालय द्वारा की गई है?**

A. विद्युत मंत्रालय

B. पर्यावरण मंत्रालय

C. विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

D. वित्त मंत्रालय

Result Mitra